भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04.02.2025

**ऑल इंडिया मास्टर टेनिस टूर्नामेंट मे आरेडिका के अधिकारियो, ने दिखाई प्रतिभा**

(ITF-100)

जनपद रायबरेली मे पहली बार ऑल इंडिया मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का आगाज किया गया गोल्ड स्मिथ स्पोर्ट्स एकेडमी, रायबरेली मे 2 फरवरी से 6 फरवरी 2025 तक इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इस टूर्नामेंट में 30 से 70 वर्ष आयु वर्ग के महिला तथा पुरूष खिलाड़ी हिस्सा ले रहें है। टूर्नामेंट में उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत कई प्रांतो से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है और साथ ही इस टूर्नामेंट में आरेडिका के डिप्टी सी. एम. एम, रविन्द्र कुमार मीणा, डिप्टी सी. एम. एम, आषिश चौधरी, डिप्टी सी. एम. एम, तेजवीर सिंह, और एस. एम. एम, अमरजीत सिंह आदि ने हिस्सा लिया।

डिप्टी सी. एम. एम, रविन्द्र कुमार मीणा ने हरियाणा के रैंक 01 के खिलाड़ी पुनीत सबरवाल को 4–6, 7–6 और 7–6 से हराकर सफलतापूर्वक सेमीफाइनल मे अपनी जगह बनाई।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने उनके सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी। इस खबर से आरेडिका में खुशी का माहौल है।

04/02/2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी